प्रभा साक्षी

कोरोना महामारी के बावजूद IIT भुवनेश्वर में पूरी हुई सेमेस्टर परीक्षा

- प्रभासाक्षी न्यूज नेटवर्क
- मई 20, 2021 13:45
- Like



आईआईटी भुवनेश्वर में महामारी के बावजूद सेमेस्टर परीक्षा पूरी हुई।एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले से बनाई गई योजना के चलते मार्च 2020 में, लॉकडाउन की घोषणा से पहले ही संस्थान ने ऑनलाइन शिक्षण शुरू कर दिया था।

भुवनेश्वर। वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकोप के बीच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर में सत्र2020-21 के लिए सेमेस्टर परीक्षाएं पूरी हो गईं हैं।ये परीक्षा बीटेक के प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर बाकी अन्य सभी वर्षों के छात्रों के लिए आयोजित की गईं थी। एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा में अभी और डेढ़ महीने का वक्त लगेगा क्योंकि देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रथम वर्ष में प्रवेश विलंब से हुआ था और सेमेस्टर भी देर से ही शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि बाकी के छात्रों के लिए सेमेस्टर परीक्षाएं 15 मई को पूरी हुईं।

[इसे भी पढ़ें: टूलकिट मामला: एनएसयूआई ने संबित पात्रा और रमन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया]

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले से बनाई गई योजना के चलते मार्च 2020 में, लॉकडाउन की घोषणा से पहले ही संस्थान ने ऑनलाइन शिक्षण शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि मई 2020 में एंड-सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से संस्थान ने पेन-पेपर परीक्षाएं लेने के लिए अनोखा ऑनलाइन तरीका ईजाद किया था। इसके लिए फैकल्टी सदस्यों को प्रशिक्षित भी किया तथा इस प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन किया।

[इसे भी पढ़ें: पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा के पास मवेशी तस्करों की गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल]

आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. राजा कुमार ने बताया, ‘‘महामारी के कारण पूरे 2020-21 सत्र के लिए थ्योरी कक्षाएं ऑनलाइन ही हुईं।’’ अधिकारी ने कहा कि प्रायोगिक कक्षाएं प्रत्यक्ष और ऑनलाइन दोनों तरह से आयोजित की गईं। ऑनलाइन प्रायोगिक कक्षाओं में छात्रों को लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के साथ शिक्षा प्रदान की गयी। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर बाकी विद्यार्थियों ने फरवरी-अप्रैल 2021 के दौरान परिसर में आकर ही प्रयोगशालाओं में कक्षाओं में भाग लिया। निदेशक ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के प्रकोप के बीच नये छात्रों के लिए प्रत्यक्ष प्रयोगशाला कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं और इन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा।

Disclaimer: *प्रभासाक्षी ने इस ख़बर को संपादित नहीं किया है। यह ख़बर पीटीआई-भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।*

नोट: *कोरोना वायरस से भारत की लड़ाई में हम पूर्ण रूप से सहभागी हैं। इस कठिन समय में अपनी जिम्मेदारी का पूर्णतः पालन करते हुए हमारा हरसंभव प्रयास है कि तथ्यों पर आधारित खबरें ही प्रकाशित हों। हम स्व-अनुशासन में भी हैं और सरकार की ओर से जारी सभी नियमों का पालन भी हमारी पहली प्राथमिकता है।*

https://www.prabhasakshi.com/national/seminar-examination-completed-at-iit-bhubaneshwar-despite-corona-disaster